वागड़ संदेश
(ई पेपर) में
खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
8890633631, 9309255545, 6351581818
editorwagadsandesh@gmal.com

वागड़ संदेश

Tital Code. : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-16 सागवाड़ा, शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सुविचार

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

बढती महंगाई के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

डूंगरपुर। जिले के जिला भारतीय मजदूर संघ ने देश में बढती महंगाई के विरोध में आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया वही जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । भारतीय मजदूर संघ की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहा पर भारतीय मजदूर संघ ने देश में बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थों की दामो व उससे बढती महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया । इस मौके पर भारतीय मजदुर संघ ने जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा । ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ ने आवश्यक वस्तुओ एवं पेट्रोलियम पदार्थो की मूल्य वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण करने, पेट्रोलियम पदार्थो को जीएसटी के दायरे में लेने, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के श्रमिको व कार्मिको के वेतन में बढ़ोतरी कर महंगाई की क्षतिपूर्ति करने सहित । सूत्रीय मांगो को लेकर पूरा करने की मांग की है ।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर रिकार्ड टीकाकरण की तैयारी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान में यूं तो भारत ने पहले की एक दिन में 1.40 करोड़ से ज्यादा टीके लगाकर विश्व कीर्तिमान बना चुका है। परंतु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को मनाए जा रहे सेवा दिवस के दिन इस मामले में एक नया और अद्भुत रिकार्ड बनाने की तैयारी है। दरअसल केवल सरकार ही नहीं बल्कि भाजपा के लगभग आठ लाख स्वास्थ्य स्वयंसेवी भी टीकाकरण अभियान से जुड़ेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि लगभग सात लाख प्रशिक्षित स्वयंसेवी तैयार हो चुके हैं। बहुत जल्द यह संख्या आठ लाख को पार कर जाएगी। खुद नड्डा इन्हें आगामी बुधवार को संबोधित करेंगे और टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश देंगे। भाजपा के ये स्वास्थ्य स्वयंसेवी सरकार की दूसरी स्वास्थ्य योजनाओं को परवान चढ़ाने में भी मदद करेंगे।

प्रतापगढ़ बीजेपी में बगावत, नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर ने ज्वाइन की कांग्रेस

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में आज राजनीति का एक नया ही अध्याय रचा गया है. महज छह माह के अल्प कार्यकाल में ही भाजपा नगर परिषद सभापति रामकन्या गुर्जर ने अपनी ही पार्टी से बगावत कर दी है।सभापति रामकन्या गुर्जर के साथ उनके पति प्रहलाद गुर्जर और भाजपा पार्षद पूजा गुर्जर ने भी भाजपा की स्थाई सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ज्वाइन कर ली है।

आस्था और श्रद्धा के महापर्व गणेशोत्सव और पर्यूषण पर्व शुरू

डूंगरपुर। जिलेभर में धार्मिक आयोजन शुरू हो गए है। शुक्रवार को जहां जिनालयों में दश लक्षण पर्युषण पर्व का आगाज हुआ तो गणेशोत्सव के तहत गांव गांव गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई।

जिनालयों में दश लक्षण पर्युषण पर्व का आगाज

डूंगरपुर जिले में दिगम्बर जैन समाज के दश लक्षण पर्युषण पर्व का आज से आगाज हुआ। दश लक्षण पर्युषण पर्व के तहत पहला दिन उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर डूंगरपुर शहर सहित जिलेभर के जिनालयो में जैन भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। शहर के शामलाजी उंडा मंदिर, प्रगति जैन मंदिर, सुरपुर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पर्युषण पर्व शुरू होने के साथ ही ध्वजारोहण किया गया। वही इसके बाद जैन श्रद्धालुओ ने पारम्परिक परिधान में भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक करते हुए केसर पूजा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किये गए। इस पर्व के दौरान धर्मावलंबी जैन धर्म के पांच सिद्धांतों- अहिंसा, सत्य, अस्तेय यानि



चोरी नकरना, ब्रम्हचर्य और अपरिग्रहयानि आवश्यकता से अधिक धन जमा न करना आदि व्रत का पालन करते हैं।

गांव गांव गणेश प्रतिमाओं की स्थापना

प्रथम अराध्य देव गणेश चतुर्थी के अवसर पर डूंगरपुर जिले में आज गणेश प्रतिमाओ की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज हो गया है। शुक्रवार को गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर शहर से देहात तक गणेश भक्तो ने अपने घरों व मोहल्लों में पूरे विधि विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना की। गणेश चतुर्थी पर्व पर शहर के विभिन्न गणेश मंडलो ने इस बार पर्यावरण का भी संदेश दिया । जलाशयों व उनमे रहने वालों जीवो के संरक्षण के लिए मिट्टी व आटे से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की। वही गणेश चतुर्थी पर्व पर गणेश मंदिरों में भी गणेश भक्तो का तांता लगा रहा इस दौरान मंदिरों में गणपति

बाप्पा मोरिया के जयकारे गूंज उठे। भक्तो ने भगवान गणेश के दर्शन करते हुए सुख-शान्ति और समृद्धि की कामना की। 10 दिवसीय महोत्सव के दौरान गणेश मंडलो द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यकर्मो का आयोजन भी किया जाएगा।

तीसरी लहर की आशंका के बीच भाजपा ने 6.8 लाख स्वास्थ्य स्वयंसेवक किए तैयार: जेपी नड्डा

जयपुर।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी ने 43 दिनों में 6 लाख 88 हजार स्वास्थ्य स्वयंसेवक तैयार किए गए। नड्डा ने कहा, अगर देश में तीसरी लहर आती है, तो ये कार्यकर्ता हेल्थ केयर सिस्टम को सपोर्ट करेंगे। इन्हें ट्रेनिंग भी दी गई है। बता दें कि जेपी नड्डा ने 28 जुलाई को ही देशभर में स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान की शुरुआत की थी। नड्डा ने कहा, कोरोना महामारी के दौरान भाजपा ने सेवा ही संगठन पार्ट 1 और पार्ट 2 के तहत लोगों की सेवा की है। नड्डा ने कहा, अब तीसरी लहर की आशंका के बीच हमने तैयारी की है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने दो लाख गांव में चार लाख स्वयंसेवक तैयार करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन अभी तक 6 ।88 लाख कार्यकर्ता तैयार हो चुके हैं। इन्हें ट्रेनिंग भी दी गई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अब हमारा लक्ष्य 8 लाख स्वयंसेवक तैयार करने का है। जेपी नड्डा ने बताया कि 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों की मदद करेंगे। ताकि उस दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवाई जा सके। नड्डा ने कहा, मुझे खुशी है कि हम तेजी से कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन का काम कर रहे है।

व्यापारियों के विरोध के बाद राज्य सरकार ने ट्रेड लाइसेंस पर लगाई रोक

जयपुर। जयपुर में व्यापारियों के संगठनों की ओर से 11 सितम्बर को बाजार बन्द करने के ऐलान और सरकार के ही कई मंत्री और कांग्रेस विधायकों के ट्रेड लाइसेंस फीस वसूली के विरोध में उतरने के बाद सरकार ने ट्रेड लाइसेंस फीस वसूली को स्थगित कर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी कर ट्रेड लाइसेंस फीस को फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है।स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक और विशिष्ट सचिव दीपक नन्दी की कलम से जारी आदेश में लिखा गया है कि कई व्यापारिक संगठनों की एप्लीकेशन्स मिली हैं। जिन पर विचार करने के बाद कोरोना महामारी को देखते हुए मौजूदा समय में इन नियमों पर इम्प्लीमेंटेशन को स्थगित किया जाना उचित है।

पोक्सो मामले में जमानत पर युवक साड़ी से फंदे पर लटका मिला

माता-पिता को घर से निकालकर किया सुसाइड, रात को साथ में खाया था खाना

डूंगरपुर।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि जितेंद्र उर्फ जीतू कलासुआ (25) ने गुरुवार रात परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद अचानक माता-पिता के साथ झगड़ा करने लग गया। मामला इतना बढ़ गया कि उसने माता-पिता को घर से बाहर निकाल दिया। लाचार माता-पिता ने पड़ोसी कांतिलाल अहारी के घर जाकर रात गुजारी। शुक्रवार सुबह पिता अपने घर पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो बेटा अपनी मां की साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। सूचना पर आस-पास रहने वाले लोगों की भीड़ जुट गई। जितेंद्र मजदूरी करता था। सदर थाने से हेड कॉन्स्टेबल गजराज सिंह ने शव को फंदे से नीचे उतारा। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि युवक के खिलाफ करीब एक साल पहले पोक्सो का मामला दर्ज करवाया गया था। मामले में 8 महीने से जमानत पर था। इसके बाद युवक तनाव में रहने लगा।

बेटे ने माता-पिता से झगड़ा कर पहले उन्हें घर से निकाल दिया। उसके बाद फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पड़ोसी के घर रात गुजारने के बाद सुबह जब माता-पिता घर पहुंचे तो बेटा फंदे पर लटका मिला। पुलिस को पिता लक्ष्मण ने बताया कि बेटे की मानसिक हालत ठीक नहीं थी, जिस कारण वह झगड़ा करता रहता था। उसकी मौत पर भी परिजनों ने किसी पर शक से होने से इनकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बिछीवाड़ा थाने में मृतक जितेंद्र उर्फ जीतू के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

पीड़िता के पिता ने 21 सितंबर 2020 को जितेंद्र के खिलाफ उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया था। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी और एक बच्चे को जन्म दिया था। डिलेवरी के बाद नाबालिग की मौत हो गई थी। मामले में आरोपी जितेंद्र जेल में था। पिछले 8 महीने से जमानत पर रिहा होने के बाद घर आया था। तब से ही मृतक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

बादीघाटी गांव में एक मकान से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त

डूंगरपुर। जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने आज सुबह दोवड़ा थाना क्षेत्र के बादीघाटी गांव में दबिश देकर एक मकान से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। वही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसटी के प्रभारी सीआई दिलीपदान चारण ने बताया कि मुखबिर के जरिये बादीघाटी गांव के एक मकान में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री होने की सूचना मिली थी। जिस पर डीएसटी की टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी। इस दौरान एक मकान में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। जिस पर डीएसटी ने मौके से 300 डेटोनेटर व 200 जिलेटिन की छडे जब्त की वही आरोपी थावरा परमार को डिटेन किया। वही इसके बाद विस्फोटक सामग्री व आरोपी को दोवड़ा थाना पुलिस के सुपुर्द किया। इधर दोवड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

राउप्रावि खूटवाड़ा में पौध रोपण

सराजपुर। गलियाकोट उपखड़ के राजस्व गांव खूटवाड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक विधलाय खूटवाड़ा में 40 पौधें लगाए गए। संस्थाप्रधान हेमंत कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन मे एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

सभी को अधिक से पौधें लगाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विधलाय परिवार की ओर से डायालाल पाटीदार, लीला चौबीसा, गोतमलाल पाटीदार, शकुन्तला पाटीदार, रमेश पाटीदार, दीपिका पाटीदार, सपना कलाल मौजूद थी।

राउप्रावि खूंटवाड़ा में पौधे लगाते हुए।

शिक्षकों की विभिन्न मागों को लेकर ज्ञापन सौंपा

झौथरी। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा झौथरी द्वारा शिक्षकों कि विभिन्न मागों पर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए झौथरी प्रधान अनिता रोत को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष पोपटलाल कटारा, मंत्री योगेश पाटीदार , महेंद्र कुमार डामोर , दिनेश पंड्या, उदयलाल आमलीया, राजेंद्र कटारा, नानुराम रोत, जीवराम , सज्जन सिह चौहान, विष्णु पाटीदार, धर्मेंद्र वर्मा ,देवीलाल कटारा, अजय गमेती, वीरजी रोत सहित शिक्षक मौजूद रहे।

राउमावि साकरसी में 7 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी

सीमलवाड़ा।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण लाल डामोर एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज कलाल ने शुक्रवार को क्षेत्र की कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें राउमावि साकरसी का निरीक्षण के समय स्कूल में 14 में से 7 शिक्षक अनुपस्थित मिले। जिसमें मोहनलाल सरपोटा, भावेश बलाई, अमृत लाल रोत , हरिश्चंद्र हंगात, भगवती लाल खांट, गौतम लाल डिंडोर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जगन्नाथ रोत अनुपस्थित मिले जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 17 सीसीए की कार्रवाई प्रारंभ की। रामावी बरडावाड़ा, राउप्रावि अलवर, राउप्रावि शेकारी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण में विद्यालय की शैक्षिक एवं भौतिक गतिविधियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कक्षा नौवीं से 12वीं मैं शिक्षण गतिविधियों पर चर्चा कर एसओपी की पालना पर जोर देने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय द्वारा संचालित ऑनलाइन शिक्षण गतिविधियों स्माइल 3:ऱ्ठ, आओ घर में सीखें 2, शिक्षा वाणी, शिक्षा दर्शन, क्लिज प्रतियोगिता, अभिभावक कॉलिंग, शाला दर्पण रैंकिंग, पैरामीटर, रिकॉर्ड संधारण समेत गतिविधियों के बारे में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

परिवहन विभाग के उप निरीक्षक व दो अन्य आरोपियों को उदयपुर एसीबी कोर्ट ने जेल भेजा

एनएच 48 पर रिजवा घाटी के पास ट्रक चालको से वसूली का मामला

डूंगरपुर।

जिले के एनएच 48 पर रिजवा घाटी के पास ट्रक चालको से वसूली करते रंगे हाथ गिरफ्तार परिवहन विभाग के उप निरीक्षक व दो अन्य आरोपियों को उदयपुर एसीबी की टीम ने उदयपुर एसीबी कोर्ट में आज पेश किया। जहा से एसीबी कोर्ट ने तीनो आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। उदयपुर एसीबी के डिप्टी हेरम्ब जोशी ने बताया की कुछ ट्रक चालको ने उदयपुर एसीबी ऑफिस में आकर रिपोर्ट दी थी की वे दिल्ली से मुंबई के बीच चलते है। इस बीच उदयपुर से डूंगरपुर के बीच परिवहन विभाग की ओर से अवैध वसूली की जाती है। ट्रक चालको की रिपोर्ट पर उदयपुर एसीबी की टीम ने कल रात को तीनो ट्रको में में एसीबी के एक-एक सिपाही को 200-200 रुपये देकर बैठाया था । ट्रक डूंगरपुर में बोखला के पास रिजवा घाटी पर पंहुचे तो परिवहन विभाग के उप निरीक्षक व गार्ड ने 2 ट्रक चालकों से 200-200 रुपये ले लिए। इसके बाद पीछे से आ रही एसीबी के डिप्टी हेरंब जोशी ने वसूली कर रहे परिवहन विभाग के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद तौसिफ, गार्ड बंशीलाल, निजी चालक राकेश मीणा को गिरफ्तार किया था जबकि एसीबी की कार्रवाई होते ही परिवहन विभाग के गार्ड इशाक मोहम्मद मौके से फरार हो गया था । एसीबी की टीम ने गार्ड की तलाशी ली तो ट्रक चालकों से वसूले गए 200-200 रुपये बरामद किये थे ? वही इसके साथ ही एसीबी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से कुल 1 लाख 11 हजार 400 रुपये की राशि बरामद की थी ।

इधर आज एसीबी की टीम ने तीनो आरोपियों को उदयपुर एसीबी कोर्ट में पेश किया जहा से कोर्ट ने तीनो आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

उदयपुर और जयपुर संभाग के 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

जयपुर। राजस्थान के कई हिस्सों में मानसून फिर से मेहरबान होने लगा है। मौसम केंद्र जयपुर के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के मुताबिक आगामी 3-4 दिन के लिए उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अलवर, दौसा, जयपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां भारी बारिश होने की आशंका है। जयपुर में शुक्रवार दोपहर बाद तेज बारिश हुई। 16 सितंबर तक राजधानी में बादल छाए रहेंगे। जिले के कई हिस्सों में बादल गरजने के साथ बौछारें भी पड़ेंगी।

डॉक्टर दंपत्ति की कार 6 फ़ीट गहरी पुलिया में गिरी, पत्नी की मौत, डॉक्टर पर मृतका के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे,झाफरा पुलिया पर गुरुवार देर रात को दर्दनाक हादसा हुआ

सीमलवाड़ा। धंबोला थाना क्षेत्र में मांडली से रास्तापाल रोड पर झाफरा पुलिया पर गुरुवार देर रात को दर्दनाक हादसा हुआ। डॉक्टर की कार 6 फ़ीट गहरी पुलिया में गिर गई। हादसे में डॉक्टर की पत्नी की मौत हो गई, जबकि डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीमलवाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना के अनुसार रास्तापाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ बजरंगसिंह और उनकी पत्नी दुर्गा निवासी दातारामगढ़ जिला सीकर सीमलवाड़ा में रहते है। हरतालिका तीज होने के कारण गुरुवार देर शाम को रास्तापाल में गुजरात बॉर्डर के पास स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन करने गए थे। दर्शनों के बाद देर रात को वापस अपने घर सीमलवाड़ा लौट रहे थे। इसी दरम्यान मांडली रोड पर जाफरा पुलिया के पास उनकी कार अनियंत्रित हो गई। हादसे में कार पुलिया से करीब 6 फ़ीट नीचे पानी में जा गिरी। अंधेरा होने के कारण मौके पर बचाव के लिए भी कोई नहीं पंहुचा। डॉक्टर बजरंगसिंह ने गंभीर घायल होते हुए भी

हिम्मत जुटाकर बाहर निकले। इसके बाद सड़क पर आकर लोगों को आवाज लगाई। रास्ते से गुजर रहे वाहनधारियो व लोगों ने मदद कर कार में फंसी उनकी पत्नी दुर्गा (35) को कार से बाहर निकाला। इसके बाद दोनों को सीमलवाड़ा अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दुर्गा को मृत घोषित कर दिया। जबकि डॉ बजरंगसिंह को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना पर धंबोला एसआई रमेश चंद्र कटारा, सरथूना चौकी प्रभारी राजाराम रेबारी समेत पुलिस जाब्ता मौके पर पंहुचे। पुलिस ने शव को सीमलवाड़ा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया है। दोपहर बाद मृतका के परिजन सीमलवाड़ा पहुंचे जिन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। वही हादसे को साजिश का रूप देकर हत्या का आरोप लगाया हैं। मृतका के परिजनों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बेटी की शादी में काफी दहेज दिया गया था जिसके बाद भी डॉक्टर का पेट नहीं भरा, आए दिन बेटी के साथ मारपीट करता रहता था, मानसिक रूप से परेशान करता रहता था। पूर्व में भी आपसी समझाइश के बाद पंचों के बीच बेटी को उसके साथ भेजा था। शव को जिला अस्पताल मोर्चरी ले जाया गया जहां शनिवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम होगा। सीआई भैयालाल ने बताया कि मृतका का भाई श्रवण कुमार पुत्र कृष्णा लाल निवासी लोसल, हरिपुरा जिला सीकर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें बताया कि उसकी बहन दुर्गा की शादी 2005 में बजरंग लाल सेवदा के साथ कराई थी। अभी तक इनके कोई भी संतान नहीं है। रिपोर्ट में बताया कि बहन का पति बजरंग लाल को एमबीबीएस कराने उन्होंने खर्चा किया है। शादी के बाद ही बहन दुर्गा को परेशान करता था, मानसिक प्रताड़ित करता था। बजरंग लाल अपनी पत्नी दुर्गा के साथ कोई संबंध नहीं रखता था। वही 7 माह पूर्व चुपके से बजरंग लाल ने तलाक लेने कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दिया था जिसकी सूचना मिलते ही बाद में रिश्तेदारों के समक्ष बजरंग लाल ने माफी मांगी, अपना जुर्म स्वीकार किया था एवं शपथ पत्र बना कर दिया था जिसमें उसने बताया था कि वह कभी दुर्गा के साथ गलत व्यवहार नहीं करेगा, उसकी संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने पर उसकी जिम्मेदारी रहेगी।